कार्यालय, जिला समादेष्टा–सह–जिला अग्निशमन पदाधिकारी, हाजीपुर वैशाली।

पत्रांकः– 1349 दिनांकः– 26/07/023	मोबाईल नं0:–9473191926 दूरभाष सं0 :-06224 - 274055 ई–मेल:- co-hg-vaishali-bih@gov.in firestationhajipur101@gmail.com

प्रेषक :–

जिला समादेष्टा,
–सह–
जिला अग्निशमन पदाधिकारी,
वैशाली।

सेवा में,
Principal,
Best Model Public School
Loma Jandaha, Vaishali

प्रसंग :–बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली–2021 के अध्याय–iv के नियम–15, राष्ट्रीय भवन संहिता–2016 के प्रावधानानुसार, निदेशक–सह–राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार, पटना के कार्यालय का ज्ञापांक–3350 दिनांक–08.07.2022 ज्ञापांक–3747 दिनांक–15.07.2022 एवं इस कार्यालय का अग्नि अंकेक्षण प्रतिवेदन का पत्रांक– एवं दिनांक– अनुमंडल अग्निशामालय महुआ का ज्ञापांक-5425 24/07/23

विषयः– अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से अग्नि अंकेक्षण (फायर ऑडिट) के उपरान्त उसका अनुपालन करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक सूचित करना है कि आपके संस्थान में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली–2021 एवं राष्ट्रीय भवन संहिता 2016 के प्रावधानानुसार दिनांक-25/07/23 को अग्निशामालय पदाधिकारी–प्रभारी/गठित अंकेक्षण समिति (फायर ऑडिट कमिटी) द्वारा प्रतिष्ठान में अग्नि सुरक्षा के निर्धारित मानकों का अनुपालन हेतु अग्नि अंकेक्षण (फायर ऑडिट) किया गया है (अग्नि अंकेक्षण प्रतिवेदन संलग्न)।

अग्नि अंकेक्षण समिति द्वारा आगलगी की घटनाओं की रोकथाम, न्यूनीकरण एवं **Exit Plan/ Evacuation Plan** आदि के संबंध में आपके प्रतिष्ठान में किये गये प्रबंध का प्रावधानानुरूप जॉच कर अग्नि अंकेक्षण प्रतिवेदन समर्पित किया गया है।

अतः अनुरोध है कि अग्नि अंकेक्षण प्रतिवेदन में दिये गए अनुपालन हेतु सुझाव एवं परामर्श को यथाशीघ्र अनुपालित करते हुए उसका प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अग्नि अंकेक्षण प्रतिवेदन का समयक गुणवता जॉचोंपरान्त आपके संस्थान के हिताहित में अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित किया जा सके।

निदेशानुरूप एवं प्रावधानानुरूप शुल्क राशि समर्पित नही किए जाने की स्थिति में अनुपालन प्रतिवेदन के साथ हीं निर्धारित शुल्क राशि का डी0 डी0 समर्पित करेंगे।

उच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन,
26/7/23
जिला समादेष्टा,
–सह–
जिला अग्निशमन पदाधिकारी,
वैशाली।

कार्यालय जिला समादेष्टा–सह–जिला अग्निशमन पदाधिकारी हाजीपुर,वैशाली।

ज्ञापांक– 1349 दिनांक– 26/07/023

प्रतिलिपिः–

01. जिला पदाधिकारी, वैशाली को कृपया सादर सूचनार्थ समर्पित।
02. सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार, पटना को कृपया सादर सूचनार्थ समर्पित।
03. अग्निशामालय पदाधिकारी/प्रभारी हाजीपुर, महुआ एवं महनार को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
04. विद्युत अभियंता को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

26/7/23
जिला समादेष्टा,
–सह–
जिला अग्निशमन पदाधिकारी,
वैशाली।